**(CBSE -SCHOOLS-Course B - 2014-15)**
**HINDI (X)**

**Date -------** **Max.Marks : 90**

**Time Allowed- 3 Hrs**

निर्देश :१. कृपया निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़े।
२. कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न -पत्र में 16 प्रश्न हैं।
३. कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले ,प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

## (खण्ड – क)

**I. निम्न लिखित गद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिख़िए–** **2X6=12**

यह संतोष और गर्व की बात है कि देश आद्योगिक और वैज्ञानिक क्षेत्र में आशातीत सफ़लता प्राप्त कर रहा है । विश्व के समृद्ध अर्थव्यवस्था वाले देशों से टककर ले रहा है और उनसे आगे निकल जाना चाहता है । किंतु इस प्रगति के उजले पहलू के साथ एक धुँधला पहलू भी है जिससे हम छुटकारा पाना चाहते हैं । वह है नैतिकता का पहलू । यदि हमारे हृदय में सत्य अहिंसा, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय भावनाएँ नहीं हैं ; देश के मान सम्मान का ध्यान नहीं है तो सारी प्रगति निरर्थक होगी । आज यह आम धारणा है कि बिना हथेली गर्म किए कुछ भी काम संभव नहीं है । भ्रष्ट अधिकारियों और भ्रष्ट जनसेवकों ने अपना घर भरने की होड़ लगा रखी है । उन्हें न समाज़ की चिंता है न देश की । समाचार पत्रों में अब यह रोजमर्रा की घटनाएँ हो गई हैं । नैतिकता मरी नहीं है अनैतिकता का प्रचार हो रहा है । सबसे पहले तो इस सोच से मुक्ति पाना जरूरी है, और उसके बाद यह संकल्प लेने की जरूरत है कि भ्रष्टाचार से मुक्त समाज बनाएँगे ।

1. देशवासियों के लिए क्या गर्व की बात है ?
2. देश की आशातीत प्रगति से जुड़ा धुँधला पक्ष क्या है?
3. नैतिक चरित्र से लेखक का क्या आशय है ?
4. देश की प्रगति कब निरर्थक हो सकती है ?
5. समाज़ में अनैतिक पहलू से मुक्ति कैसे पा सकते हैं ।

6. नैतिकता अभी मरी नहीं– पक्ष या विपक्ष में अपने विचार (40-50 शब्दों में) लिखो ।

**II. निम्न लिखित पद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिख़िए–** **2X4=8**

इस समाधि में छिपी हुई है, एक राख की ढेरी,
जलकर जिसने स्वतंत्रता की दिव्य आरती फेरी ।
यह समाधि यह लघु समाधि है झाँसी की रानी की ,
अंतिम लीलास्थली यही है लक्ष्मी मर्दानी की ।

यहीं कहीं पर बिखर गई वह भग्न विजय माला सी,
उसके फूल यहीं संचित हैं , है यह स्मृति शाला सी ।
सहे वार पर वार अंत तक लड़ी वीर बाला सी,
आहुति सी गिर चढ़ी चिता पर , चमक उठी ज्वाला सी ।

बढ़ जाता है मान वीर का रण में बलि होने से,
मूल्यवती होती सोने की भस्म यथा सोने से ।
रानी से भी अधिक हमें अब यह समाधि है प्यारी,
यहाँ निहित है स्वतंत्रता की आशा की चिंगारी ॥

1. काव्यांश में किसकी समाधि की बात कही गई है? इसे अंतिम लीलास्थली क्यों कहा गया है ?
2. यहीं कहीं पर बिखर गई वह भग्न विजय माला सी– आशय स्पष्ट कीजिए ।
3. व्यक्ति का मान कब बढ़ जाता है ?
4. समाधि को लघु समाधि क्यों कहा गया है ?

## (खंड– ख)

**III. (क) निम्नलिखित में रेखांकित का नाम बताइए।** **1X2=2**

(अ) भोर मे दिखाई देने वाला तारा आज नहीं है।

(ब) शब्द और पद में क्या अंतर है ?

**(ख)** (अ) बालिकाएँ नाच–गा रही हैं। (रचना की दृष्टि से वाक्य का प्रकार लिखिए) **1X3=3**

(ब) जो कमाता है सो खाता है। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(स) मेरे घर आते ही बारिश शुरू हो गई। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

**IV. (क)समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए–** **1X2=2**

पीतांबर , यथाशक्ति ।

**(ख) समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए –** **1X2=2**

प्रधान है जो मंत्री, भाई और समास ।

**V. (क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए।** **1X4=4**

(अ) समाजिक कुरीतियों का एक मात्र कारण अशिक्षा है

(ब) जीवन और साहित्य का घोर संबंध है

(स) विद्यार्थियों ने प्रधानाध्यापक को अभिनंदन पत्र प्रदान किया।

(द) पिछले कुछ वर्षों के बीच भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता बढ़ी है

**(ख) निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों का वाक्यो में प्रयोग करो कि अर्थ स्पष्ट हो जाए।** **½ X4=2**

(क) गाढ़ी कमाई
(ख) आँखों का तारा
(ग) हवा में उड़ना
(घ) घाव पर नमक छिड़कना

## (खण्ड – ग)

**VI. निम्न प्रश्नों के उत्तर संक्षेप मे लिखिए।** **2+2+1=5**

(क) ओचुमेलाव का चरित्र चित्रण लिखिए ।

(ख) ख्यूक्रिन ने मुआवजा पाने के लिए क्या–क्या दलीलें दी ?

(ग) प्रकृति में आए असंतुलन का क्या दुष्परिणाम हुआ ?

**VII.** गाँधीजी व्यवहारवादी या आदर्शवादी थे, पाठ के आधार पर उदाहरण देते हुए अपने विचारों से स्पष्ट कीजिए। **5**

**VIII. निम्न लिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **2+2+1=5**

किस्सा क्या हुआ था वज़ीर अली को उसके पद से हटाने के बाद हमने उसे बनारस पहुँचा दिया और तीन लाख रुपया वज़ीफ़ा सालाना मुकर्रर कर दिया था। कुछ महीनों बाद गवर्नर जनरल ने उसे कलकत्ता तलब किया था। वज़ीर अली कंपनी के वकील के पास गया जो बनारस में रहता था और उससे शिकायत की कि, गवर्नर जनरल उसे कलकता क्यों तलब करता है। वकील ने शिकायत की परवाह नहीं की उलटा उसे बुरा भला सुना दिया। वज़ीर अली के दिल में यूँ भी अंग्रेज़ों के खिलाफ़ नफ़रत कूट कूटकर भरी थी, उसने खंजर से वकील का काम तमाम कर दिया।

(क) वज़ीर अली के मन में अंग्रेज़ों के प्रति नफ़रत क्यो थी ?

(ख) सवार के जाने के बाद कर्नल हकका–बकका क्यों रह गया ?

(ग) लेखक को अपने घर की खिड़की में जाली क्यो लगवानी पड़ी ?

**IX. निम्न प्रश्नों के उत्तर संक्षेप मे लिखिए।** **2+2+1=5**

(क) परोपकारी व्यक्ति के क्या लक्षण हैं ?

(ख) आप कैसे कह सकते हैं कि बिहारी दिखावे के विरुद्ध थे ?

(ग) कवि ने देशवासियों को राम और लक्षमण बनने के लिए क्यों कहा है ?

**X.** **मधुर–मधुर मेरे दीपक जल कविता के आधार पर महादेवी को आधुनिक काल की मीरा कहना कितना उचित होगा, इसकी तुलना आत्मत्राण कविता के भाव से कीजिए।** 5

**XI.** **पुराने समय में शिक्षा व्यवस्था में छात्रों के लिए दण्ड व्यवस्था , कितनी उचित कितनी अनुचित विषय पर अपने विचार लिखते हुए टोपी शुक्ला के साथ शिक्षकों के व्यवहार की समीक्षा कीजिए।** 5

## खण्ड–घ

**XII.** **दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर 80–100 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए।** 5

**(क) भारत के प्रमुख त्यौहार,**

- प्रमुख क्यों * भारत में विविध त्यौहार * जनजीवन में प्रभाव

**(ख) आज का विद्यार्थी और फैशन ,**

- फैशन के कारण * फैशन के प्रभाव * सदुपयोग

**(ग) मेरे भारत का महान कवि,**

- कवि और उसका जीवन * कविता का उद्देश्य * समाज़ के लिए देन

**XIII.** **विद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी की संदर्भ पुस्तकें उपलब्ध कराने हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।** 5

**XIV.** **विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर कक्षा प्रतिनिधियों की बैठक बुलाने के लिए छात्र संगठन के सचिव की ओर से सूचना लिखिए।** 5

XV. सैनिक भारत–पाक सीमा से युद्ध के बाद घर आया है, सैनिक और उसकी माता के मध्य संवाद लिखिए। 5

XVI. आपको अपना पुराना कम्प्यूटर बेंचना है, एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

************************